लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... दैनिक जागरण

दिनांक 17. 11. 2019 ...... पृष्ठ सं. ...19...... कॉलम ...5-6...

# एचएयू के विद्यार्थियों ने कंप्यूटर डिजायनिंग का लिया प्रशिक्षण



मुख्य अतिथि डा. देवेन्द्र सिंह दहिया प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ। • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि रहे। डॉ. दहिया ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। इसलिए हर विद्यार्थी को कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्राम्स के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ हरि भूमि ........
दिनांक 17.11.2016 ........ पृष्ठ सं. 14 ........ कॉलम 5-6 ........

# युवाओं के लिए कम्प्यूटर कौशल अहम : दहिया



हिसार। हकृवि के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कंम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग केंड पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। डॉ. दहिया ने विद्यार्थियों से कहा कि आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया ज़ा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग केंड की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द सांगवान ने आए लोगों का आभार जताया।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......
दिनांक 17.11.2019...... पृष्ठ सं......4...... कॉलम......1:2......



*मुख्य अतिथि डा. देवेन्द्र सिंह दहिया प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ।*

## हकृवि के प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

हिसार, 16 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्यातिथि थे। डा. दहिया ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ दैनिक भास्कर ........
दिनांक 17.11.2019 ........ पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....5....

## कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है : डॉ. देवेन्द्र सिंह

हिसार | एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि रहे। डॉ. दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ सिटी पल्स ........
दिनांक 17. 11. 2019 ...... पृष्ठ सं. ...... 3 ...... कॉलम 1-4 ......

# रोज़गार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यताः डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया

## हकृवि में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ।

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे।

डॉ. दहिया ने कहा कि आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोज़गार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कंम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथो से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना-इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पाठक पक्ष
दिनांक 17.11.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-3

# अजा छात्रों को दिया कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग का प्रशिक्षण



हिसार, 17 नवम्बर (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया मुख्य अतिथि थे। डॉ. दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 16.11.2019........ पृष्ठ सं........2........ कॉलम 1-2........

# एचएयू की छात्रा मुस्कान को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार



**सिटी रिपोर्टर** • भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा शाखा ने हरिद्वार में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस शिविर में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कृषि महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान मेहता को राज्यस्तरीय शिविर का सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार दिया गया। छात्राओं ने चित्रकारी, सामूहिक गायन, भाषण, नृत्य आदि में भाग लिया। एकल नृत्य में प्रीत कौर ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया एवं सिमरन मेहता ने दहेज प्रथा पर भाषण दिया व दूसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. देवेन्दर सिंह दहिया एवं सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. जीत राम शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छः दिवसीय शिविर में कुल राज्य की 18 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कम्पीटिशन में पार्टिसिपेट करके बच्चों की ओवरऑल ग्रूमिंग हो पाती है। इस शिविर में विश्वविद्यालय की ओर से 15 छात्राओं ने काउंसलर डॉ. ललिता के नेतृत्व में भाग लिया एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 16.11.2019 पृष्ठ सं. 21 कॉलम 7-8

## मुस्कान मेहता को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार



छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्दर सिंह दहिया के साथ विजेता टीम। • विज्ञप्ति

हिसार : भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा शाखा द्वारा हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा रेडक्रॉस शिविर में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कृषि महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान मेहता को राज्य स्तरीय शिविर का सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार दिया गया। छात्राओं ने चित्रकारी, सामूहिक गायन, भाषण, नृत्य आदि में भाग लिया। एकल नृत्य में प्रीत कौर ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया एवं सिमरन मेहता ने दहेज प्रथा पर भाषण दिया व दूसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डा. देवेंद्र सिंह दहिया एवं सह छात्र कल्याण निदेशक, डा. जीतराम शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छः दिवसीय शिविर में 18 टीमों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....पंजाब केसरी, दै. भास्कर....

दिनांक ....16.11.2019.... पृष्ठ सं. ....4, 14.... कॉलम ....7-8, 1....

## छात्रा मुस्कान मेहता को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार



छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया के साथ विजेता टीम।

हिसार, 15 नवम्बर (ब्यूरो): भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा द्वारा हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा रैडक्रॉस शिविर में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कृषि महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान मेहता को राज्य स्तरीय शिविर का सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार दिया गया। छात्राओं ने चित्रकारी, सामूहिक गायन, भाषण, नृत्य आदि में भाग लिया। एकल नृत्य में प्रीत कौर ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया एवं सिमरन मेहता ने दहेज प्रथा पर भाषण दिया व दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## हकृवि छात्रा मुस्कान को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा का पुरस्कार

हिसार। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा शाखा द्वारा हरिद्वार में आयोजित प्रदेशस्तरीय युवा रेडक्रॉस शिविर में हकृवि की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कृषि महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान महता को शिविर का सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार दिया गया। छात्राओं ने चित्रकारी, सामूहिक गायन, भाषण, नृत्य आदि में भाग लिया। एकल नृत्य में प्रीत कौर ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया एवं सिमरन महता ने दहेज प्रथा पर भाषण दिया व दूसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया एवं सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. जीतराम शर्मा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिविर में राज्य की 18 टीमों ने भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........ सिटी पल्स ........
दिनांक 17. 11. 2019 ........ पृष्ठ सं. 2 ........ कॉलम 1-4

# एचएयू की छात्रा मुस्कान को मिला सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा शाखा द्वारा हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय युवा रेडक्रॉस शिविर में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। कृषि महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान महता को राज्य स्तरीय शिविर का सर्वश्रेष्ठ युवा पुरस्कार दिया गया।

छात्राओं ने चित्रकारी, सामूहिक गायन, भाषण, नृत्य आदि में भाग लिया। एकल नृत्य



*हिसार। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंन्दर सिहं दहिया के साथ विजेता टीम।*

## शिविर में राज्य की 18 टीमों ने लिया भाग

में प्रीत कौर ने प्रथम पुरस्कार अर्जित किया एवं सिमरन मैहता ने दहेज प्रथा पर भाषण दिया व दूसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. देवेन्दर सिंह दहिया एवं सह छात्र कल्याण निदेशक, डॉ. जीत राम शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय के रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में कुल राज्य की 18 टीमों ने भाग लिया। इस शिविर में विश्वविद्यालय की ओर से 15 छात्राओं ने काउंसलर डॉ. ललिता के नेतृत्व में भाग लिया एवं विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 18.11.2019 ........ पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-2....

## कृषि विशेषज्ञ की सलाह

डॉ. कृष्ण यादव

# किसान जल्द ही पूरी कर लें चने की बिजाई

चने की बिजाई यदि पूरी न की हो तो जल्द ही पूरी कर लें। चने की किस्म (हरियाणा चना नंबर एक) पछेती बिजाई के लिए 35 किलोग्राम डीएपी या 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट व 12 किलोग्राम यूरिया प्रति एकड़ के हिसाब से ड्रिल करके बीज के नीचे डालें। सिंचित इलाकों में 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट का इस्तेमाल भी करें। चने की फसल को दीमक से बचाने के लिए 100 किलोग्राम बीज को 850 मिलीलीटर मोनोक्रोटोफास 36 एसएल या 1500 मिलीलीटर क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी से बुवाई से एक दिन पहले उपचारित करें, लेकिन उपचार से पहले कीटनाशक को पानी में मिलाकर कुल दो लीटर घोल बनाएं व फिर 100 किलोग्राम बीज में मिलाएं। रोग ग्रस्त बीज द्वारा उत्पन्न अंगमारी से बचाव के लिए बाविस्टिन (2.5 ग्राम/किलोग्राम बीज) से बीजोपचार हितकर पाया गया है, जो कि राइजोबियम का टीका लगाने से पूर्व किया जा सकता है। इसके अलावा जई की किस्म ओएस - 6, ओएस - 7 एवं एचजे 8 की बिजाई इस माह के मध्य तक पूरी कर लें। छोटे दाने वाली किस्मों (एचजे - 114) का 30 किलोग्राम बीज व मोटे दानों का 40 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ काफी है। 16 किलोग्राम नाइट्रोजन (35 किलोग्राम यूरिया) पहली सिंचाई के समय डालें। चारे व बीज की अधिक पैदावार के लिए बीज को बिजाई से पहले एजोटोबैक्टर (तीन पैकेट प्रति एकड़ बीज) से उपचारित करें।



**डॉ. कृष्ण यादव हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।**